# आदर्श प्रश्न-पत्र : 5 (Model Test Paper-5)

1. फ्रांस में योग्यता आधारित भर्ती का सिद्धांत कब लागू हुआ?
   (a) वर्ष 1946 (b) वर्ष 1888
   (c) वर्ष 1870 (d) वर्ष 1847
2. विकासशील समाजों के अध्ययन के वेबेरियन मॉडल की प्रासंगिकता के अर्थ में वेबर का प्रमुख आलोचक निम्न में से कौन है?
   (a) क्लाज ओफे (b) राबर्ट प्रेस्थस
   (c) एफ.डब्ल्यू.रिग्स (d) जोसेफ पालोम्बारा
3. वेबर के अनुसार नौकरशाही को 'तर्कसंगत' निम्नलिखित में किन कारणों से कहा जा सकता है?
   1. नियमों और कार्यप्रणालियों की व्यवस्था से प्राधिकार का प्रयोग होता है।
   2. कार्यालयों में कार्य का निर्धारण स्पष्ट तौर पर किया जाता है।
   3. अधिकारी को एकीकृत नियंत्रण और अनुशासनिक प्रणाली के अधीन होना होता है।
   4. कुछ विशेष लक्ष्यों की प्राप्ति के साधन तदनुरूप तैयार किए जाते हैं।
   (a) 1, 2 और 4 (b) केवल 1
   (c) 2, 3 और 4 (d) केवल 4
4. वैज्ञानिक प्रबंधन के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोधक निम्न में से कौन है?
   (a) मानव संबंधवादी (b) श्रमिक
   (c) प्रबंधक (d) मजदूर संघ
5. "मजदूर न तो अलग-अलग लोग हैं और न ही असंबद्ध, वे सामाजिक प्राणी हैं तथा उनसे यथावत ढंग से व्यवहार भी करना चाहिए।" यह कथन निम्न में से किसका है?
   (a) एल्टन मेयो
   (b) सी.आई.बर्नार्ड
   (c) विलियम जे.डिक्सन
   (d) एफ.जे.रोथलिसबर्गर
6. क्लासिकीय सिद्धांत मुख्यत: निम्न में से किससे संबद्ध है?
   1. औपचारिक सांगठनिक ढांचा
   2. सचलनात्मक स्तर पर प्रवीणता
   3. संगठन में लोग
   4. प्राथमिक प्रबंधन प्रक्रिया
   5. संगठन की अनुकूली प्रकृति
   (a) 1, 2 और 4 (b) केवल 1
   (c) 1 और 4 (d) 1, 4 और 5
7. निम्न कृतियों में से एल्टन मेयो की कौन-सी है?
   (a) *द सोशल प्रॉब्लम्स ऑफ एन इंडस्ट्रियल सिविलाइजेशन*
   (b) *द ह्यूमैन प्रॉब्लम्स ऑफ एन इंडस्ट्रियल सिविलाइजेशन*
   (c) *द इकोनामिक प्रॉब्लम्स ऑफ एन इंडस्ट्रियल सिविलाइजेशन*
   (d) *द पॉलिटिकल प्रॉब्लम्स ऑफ एन इंडस्ट्रियल सिविलाइजेशन*
8. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
   (a) कोऑर्डीनेशन-सेटिस्फेक्शन इक्यूलीब्रियम – बर्नार्ड
   (b) सेटिस्फेक्शन बिहेवियर – साइमन
   (c) फ्यूजन प्रासेज – ई.डब्ल्यू बके
   (d) जोन ऑफ एक्सेप्टेंस – बर्नार्ड
9. केंद्रीय सचिवालय का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य कौन-सा है?
   (a) नीतियों की व्याख्या और उनमें समवय।
   (b) नियम और विधान तैयार करना।
   (c) बजट निर्माण और व्यय पर नियंत्रण।
   (d) नीति निर्माण कार्य में मंत्री की मदद करना।
10. वित्त आयोग के संबंध में सही कथन कौन-से हैं?
    1. इसे भारतीय वित्त संघवाद के नियंत्रक का कार्य करना होता है।
    2. इसमें एक अध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य होते हैं।
    3. आयोग के सदस्यों की योग्यता का निर्धारण राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
    4. इसका गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के प्रावधानों के तहत हुआ है।
    (a) 2, 3 और 4 (b) 2 और 3
    (c) 1 और 4 (d) 1, 2 और 3
11. भारतीय राष्ट्रपति के वीटो का अधिकार-निम्नलिखित में किन-किन का सम्मिश्रण है?
    1. पाकेट वीटो 2. एब्सोल्यूट वीटो
    3. सस्पेंसिव वीटो 4. क्वालिफायड वीटो
    (a) 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
    (c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3
12. अधीनस्थ कार्यालयों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
    1. ये कार्यालय मंत्रालय को नीतियों के तकनीकी पहलू से संबंधित सलाह देते हैं।

2. ये नीति के कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं।
3. ये क्षेत्रीय प्रतिष्ठान के रूप में कार्य करते हैं।
4. ये तकनीकी सूचना भण्डार का कार्य भी करते हैं।
5. ये नीतियों को पूरी तरह कार्यान्वित करने के उत्तरदायी हैं।

(a) 1, 2 और 5 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 5 (d) केवल 5

13. निम्नलिखित में से किस निगम को लेखापरीक्षा की दृष्टि से भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखा गया है?
1. औद्योगिक वित्त निगम
2. भारतीय खाद्य निगम
3. केंद्रीय भण्डारण निगम
4. भारतीय जीवन बीमा निगम
5. भारतीय रिजर्व बैंक

(a) 1, 3 और 5 (b) 1, 2, 4 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 2, 4 और 5

14. राष्ट्रीय विकास परिषद के कार्य निम्न में से कौन-से हैं?
1. योजना आयोग द्वारा तैयार राष्ट्रीय योजना पर विचार करना।
2. योजना कार्यान्वियन में राज्यों का सहयोग प्राप्त करना।
3. योजना से संबंधित कार्यों की समय समय पर समीक्षा करना।
4. विकास को प्रभावित करने वाली सामाजिक और आर्थिक नीति के मुद्दों पर विचार करना।

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 2 और 4

15. मंत्रिमंडल सचिवालय के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
1. यह प्रधानमंत्री के निर्देशन में कार्य करता है।
2. इसका जन्म वर्ष 1950 में हुआ।
3. यह भारत सरकार की प्रमुख समन्वयक एजेंसी है।
4. यह सरकार के मुखिया के रूप में प्रधानमंत्री की उनके कार्य निष्पादन में मदद करता है।

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

16. राष्ट्रपति और मंत्रीपरिषद के मध्य वर्तमान संबंध निम्नलिखित में से किस अधिनियम के प्रावधानों से शासित है?
(a) 42वां (संशोधन) अधिनियम
(b) 48वां (संशोधन) अधिनियम
(c) 54वां (संशोधन) अधिनियम
(d) 44वां (संशोधन) अधिनियम

17. क्षेत्रीय परिषद की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा हुई है?
(a) संविधान के अनुच्छेद 263 द्वारा
(b) राज्य पुनर्गठन अधिनियम द्वारा
(c) क्षेत्रीय परिषद अधिनियम द्वारा
(d) भारत के राष्ट्रपति के आदेश द्वारा

18. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं?
(a) इंग्लैंड में वित्त वर्ष की शुरूआत 1 अप्रैल से होती है।
(b) फ्रांस में वित्त वर्ष 1 मार्च से शुरू होता है।
(c) संयुक्त राष्ट्र अमरीका में वित्त वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है।
(d) भारत में वित्त वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता है।

19. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?
1. संसद किसी कर में वृद्धि कर सकती है।
2. संसद किसी कर में कटौती/कमी नहीं कर सकती है।
3. संसद किसी कर को समाप्त कर सकती है।
4. संसद किसी कर में वृद्धि नहीं कर सकती है।
5. संसद किसी कर में कमी कर सकती है।

(a) 1, 3 और 5 (b) 3, 4 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

20. निम्नलिखित में से किस समिति/आयोग ने लेखापरीक्षा को लेखा से अलग करने पर विचार नही किया?
(a) इंचकेप समिति
(b) लोक लेखा समिति
(c) प्रशासनिक सुधार आयोग
(d) साइमन कमीशन

21. मंत्रालय का सचिव मंत्रालय का मुख्य लेखा प्राधिकारी होने के कारण अपने कार्यों को निम्नलिखित में से किसके माध्यम से निष्पादित करता है?
(a) प्रधान लेखा अधिकारी
(b) लोक लेखा समिति
(c) लेखा महानियंत्रक
(d) एकीकृत वित्त सलाहकार

22. 'बजट' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. यह विधायिका का कार्यपालिका पर नियंत्रण का माध्यम है।
2. यह कार्यपालिका का प्रशासन पर नियंत्रण का माध्यम है।
3. यह न्यायपालिका प्रशासन पर नियंत्रण का माध्यम है।
4. यह समाज में सामाजिक आर्थिक बदलाव लाने का माध्यम है।

(a) 1, 2 और 4 (b) 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 1, 2 और 3

23. भारत की संचित निधि पर प्रभावित व्यय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. इसके लिए संसद की स्वीकृति आवश्यक होती है।
2. इसके लिए संसद में बहस आवश्यक होती है।
3. इसके लिए केवल लोकसभा की स्वीकृति आवश्यक होती है।
4. इसके लिए संसद की स्वीकृति आवश्यक नहीं होती है।
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1 और 4

24. "यदि वित्त मंत्री को किसी जलाशय को भरने और इसकी मानक गहराई बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, तो उसे जलप्लावन को नियंत्रित करने की स्थिति में भी होना चाहिए।" यह कथन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(a) प्रशासन सुधार आयोग की रिपोर्ट
(b) प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट
(c) हाल्डेन समिति की रिपोर्ट
(d) पी.एच.एपलबी रिपोर्ट

25. राज्य सचिवालय के निम्नलिखित अधिकारियों को अवरोही (ऊपर से नीचे के) क्रम में व्यवस्थित कीजिए:-
1. अवर सचिव 2. संयुक्त सचिव
3. विशेष सचिव 4. सहायक सचिव
5. उपसचिव
(a) 2, 3, 5, 4 (b) 3, 2, 5, 4, 1
(c) 3, 2, 5, 1, 4 (d) 2, 3, 5, 4, 1

26. स्थानीय स्व-शासन के केंद्रीय परिषद की स्थापना:
1. संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत हुई थी।
2. संसदीय अधिनियम द्वारा हुई थी।
3. नगरपालिका प्रशासन के परामर्शी निकाय के रूप में हुई थी।
4. राष्ट्रपति के आदेश से हुई थी।
5. संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत हुई थी।
उपर्युक्त में से गलत कथन कौन-से हैं?
(a) 3, 4 और 5 (b) 2 और 5
(c) 1 और 4 (d) 1 और 2

27. "जिला स्तर पर जिलाधीश या उपायुक्त को विकास कार्य से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के दल का कप्तान होना चाहिए तथा समुदायिक विकास के लिए जिला-योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन कार्य में सहयोग और तालमेल बैठाने के लिए उस पर पूरी जिम्मेदारी डाली जानी चाहिए।" यह कथन निम्नलिखित में से किससे संबद्ध है?
(a) अशोक मेहता समिति
(b) जी.वी.के. राव समिति
(c) एल.एम. सिंघवी समिति
(d) बलवन्त राय मेहता समिति

28. राष्ट्रपति और राज्यपाल को प्राप्त क्षमादान अधिकार के मध्य अन्तर के संबंध में निम्न में से कौन कौन-से कथन सही हैं?
1. राज्यपाल कोर्ट मार्शल द्वारा सुनायी गयी सजा को माफ कर सकता है, किन्तु राष्ट्रपति माफ नहीं कर सकता।
2. राष्ट्रपति मृत्युदंड को माफ कर सकता है, किन्तु राज्यपाल नहीं।
3. राज्यपाल मृत्युदंड को माफ कर सकता है, किन्तु राष्ट्रपति नहीं।
4. राष्ट्रपति कोर्ट मार्शल द्वारा दी गयी सजा को माफ कर सकता है, किन्तु राज्यपाल नहीं।
(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 3 और 4

29. नगरपालिकाओं से संबंधित 74वें (संशोधन) अधिनियम की विशेषताएं निम्न में से कौन-सी हैं?
1. प्रति 5 वर्ष के अन्तराल पर चुनाव कराने की अनिवार्यता।
2. लेखों के रख रखाव और लेखापरीक्षाओं की कार्यविधि का निर्धारण राज्य की विधायिका द्वारा किया जाएगा।
3. छोटे शहरी क्षेत्र के लिए नगर पंचायतों का गठन।
4. नगरपालिकाओं में कुल स्थान के एक-तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे जिनमें अनुसूचित जाति और जनजाति के महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान शामिल नहीं हैं।
(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1 और 2

30. निम्नलिखित कार्यों में से कौन-से कार्य मुख्यसचिव और मंत्रिमंडल सचिव दोनों द्वारा किए जाते हैं?
1. दोनों अपने-अपने प्रशासन के मुख्य समन्वयक हैं।
2. दोनों अपने-अपने प्रमुख कार्यकारियों के मुख्य सलाहकार हैं।
3. दोनों अपने-अपने सचिवालय के प्रशासनिक प्रमुख हैं।
4. दोनों अपने-अपने मंत्रिमंडल के सचिव हैं।
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 3 और 4

31. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जिलाधीशों की प्रतिष्ठा और हैसियत में गिरावट के लिए निम्न में से कौन-से तथ्य जिम्मेदार हैं?
    1. सरकार के स्वरूप में बदलाव।
    2. जिलों में विभागों की संख्या में वृद्धि।
    3. पंचायती राज का आविर्भाव।
    4. कानून और व्यवस्था प्रशासन की आयुक्तिय प्रणाली का उद्‌भव।

    (a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 3
    (c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 3 और 4

32. राज्य प्रशासन में निदेशालयः
    (a) नीति निर्माण एजेंसी है
    (b) सांविधानिक एजेंसी है।
    (c) सांविधिक एजेंसी है।
    (d) कार्यपालक एजेंसी है।

33. किसी विधेयक को राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने के अधिकार के संबंध में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?
    1. इस प्रावधान का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 200 में है।
    2. यह राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति नहीं है।
    3. यदि विधेयक से उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरा हो तो ऐसा करना अनिवार्य है।
    4. राज्यपाल राज्य विधायिका द्वारा पारित किसी विधेयक को रोके रख सकता है।

    (a) 1, 2 और 3 (b) 3 और 4
    (c) 1 और 3 (d) 2, 3 और 4

34. भारत में जिलाधीश का पद निम्नलिखित में से किस सिद्धांत पर आधारित हैं?
    (a) प्रत्यायोजन (b) विकेंद्रीकरण
    (c) हस्तांतरण (d) पृथक्करण

35. अमिताई एत्जिओ द्वारा किए गए प्राधिकार के त्रि-आयामी वर्गीकरण निम्न में कौन-सा है?
    (a) कार्यक्रम, सांगठनिक और नियंत्रक
    (b) बजटीय, व्यक्तिगत और स्वार्थी
    (c) अवपीड़क, नियामक और सांगठनिक
    (d) अवपीड़क, नियामक और स्वार्थी

36. हैथोर्न-अध्ययन ने सिद्ध किया है किः
    1. जहां कहीं अधीक्षक कर्मचारी उन्मुख होते हैं, कर्मचारी के काम में वृद्धि होती है।
    2. जहां कहीं अधीक्षक उत्पादनोन्मुख होते हैं, वहां कर्मचारी के कार्य में वृद्धि होती है।
    3. जहां कहीं अधीक्षक उत्पादनोन्मुख होते हैं, वहां कर्मचारी का काम कम होता है।
    4. जहां कहीं अधीक्षक कर्मचारी उन्मुख होते हैं, वहां कर्मचारी का काम कम होता है।

    (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
    (c) 1 और 3 (d) 2 और 4

37. गुलिक के अनुसार समन्वयन के विकास को सीमित करने वाले कारणों में सबसे बड़े निम्न में से कौन-से हैं?
    1. प्राधिकार 2. आकार
    3. अनौपचारिक संगठन 4. नेतृत्व
    5. समय

    (a) 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 4
    (c) 2 और 5 (d) 1, 2, 3 और 5

38. हाल में नियंत्रण की अवधारणा पर पुनर्विचार के लिए निम्न में से कौन-से तथ्य जिम्मेदार हैं?
    1. प्रशासन में मनमानी का आधिक्य।
    2. विशेषज्ञों की बढ़ती भूमिका।
    3. नकारात्मक भर्ती की जगह सकारात्मक भर्ती।
    4. सूचना क्रांति

    (a) 1, 2 और 4 (b) 3 और 4
    (c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

39. स्टॉफ एजेंसियों के कार्यों में निम्नलिखित में से कौन-से कार्य शामिल नहीं हैं?
    1. समन्वयन 2. नियोजन
    3. कार्यान्वयन 4. पर्यवेक्षण
    5. हाउसकीपिंग

    (a) 1, 2 और 4 (b) 3 और 5
    (c) 2, 3 और 5 (d) 3 और 4

40. ब्रिटिश सिविल सेवा के निम्नलिखित पदों को आरोही (नीचे से ऊपर) क्रम में रखें-
    1. अवर सचिव 2. सहायक सचिव
    3. उपसचिव 4. कार्यकारी निदेशक
    5. वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक

    (a) 4, 2, 5, 3, 1 (b) 3, 1, 4, 2, 5
    (c) 5, 2, 4, 1, 3 (d) 3, 1, 4, 5, 2

41. निम्नलिखित में से किस देश के प्रशासनिक प्रणाली की विशेषता युद्ध-त्याग है।
    (a) संयुक्त राज्य अमरीका (b) इंग्लैंड
    (c) फ्रांस (d) जापान

42. फ्रांसीसी सिविल सेवा में 'ग्रेंड्स कार्प्स' का आशय है:
    (a) विशेषज्ञ वर्ग के प्रशासकों का वरिष्ठ स्तर

(b) सामान्यज्ञ वर्ग के प्रशासकों का वरिष्ठ स्तर
(c) विशेषज्ञ और सामान्यज्ञ वर्ग के प्रशासकों का वरिष्ठ स्तर
(d) रक्षा सेवा के प्रशासकों का वरिष्ठ स्तर

43. संयुक्त राज्य अमरीका के राष्ट्रपति के प्रशासनिक कार्यालय की स्थापना कब हुई थी?
(a) वर्ष 1938 (b) वर्ष 1955
(c) वर्ष 1948 (d) वर्ष 1939

44. इंग्लैंड में संसदीय प्रशासनिक आयुक्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही है?
1. इस पद की स्थापना ह्वायट् रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों के आधार पर हुई थी।
2. पदधारी का दर्जा हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष के बराबर होता है।
3. वह लोगों की शिकायतें सीधे सुनता है।
4. इसका गठन वर्ष 1967 में हुआ था।
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 2 और 3

45. संयुक्त राज्य अमरीका में सिविल सर्विस रिफॉर्म एक्ट 1978 के माध्यम से निम्नलिखित में से किन-किन का गठन हुआ था?
1. योग्यता प्रणाली संरक्षण बोर्ड
2. संघीय श्रम संबंध प्राधिकरण
3. समान रोजगार अवसर आयोग
4. व्यक्तिगत प्रबंधन कार्यालय
(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

46. फ्रांस के 'एकोल नेशनेल डी' एडमिनिस्ट्रेशन के संबंध में नीचे के कथनों में कौन-सही हैं?
1. इसकी स्थापना वर्ष 1940 में हुई।
2. यह केंद्रीय भर्ती एजेंसी है।
3. यह प्रधानमंत्री के सीधे नियंत्रण में काम करती है।
4. इसके समकक्ष एजेंसी भारत, संयुक्त राज्य अमरीका और इंग्लैंड में नहीं हैं।
5. यह एक केंद्रीय प्रशिक्षण एजेंसी है।
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 3, 4 और 5
(c) 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 3 और 4

47. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) केंद्रीय जांच ब्यूरो 1963
(b) विशेष पुलिस प्रतिष्ठान 1942
(c) भ्रष्टाचार विरोध अधिनियम 1947
(d) केंद्रीय सतर्कता आयोग 1964

48. केंद्रीय सतर्कता आयोग के संबंध में निम्नलिखित में कौन-से कथन सही नहीं है?
1. इसकी स्थापना प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिश पर की गयी।
2. इसका प्रधान प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त केंद्रीय सतर्कता आयुक्त होता है।
3. कुछ मामलों में इस आयोग के कार्य संघ लोक सेवा आयोग के समान है।
4. यह निश्चित रूप से ओम्ब्रुसमैन का प्रतिरूप है।
5. यह पीड़ित व्यक्ति की शिकायतें सीधे सुनता है।
(a) 1, 4 और 5 (b) 1, 2 और 4
(c) 3 और 4 (d) 3, 4 और 5

49. प्रशासन पर विधायी नियंत्रण के संबंध में अपकार का आशय निम्नलिखित में से किससे है?
(a) कानूनी त्रुटि
(b) तथ्यान्वेषण से संबंधित त्रुटि
(c) प्राधिकार का दुरूपयोग
(d) प्रक्रियागत त्रुटि

50. निम्नलिखित में कौन लोक प्रशासन पर कार्यकारी नियंत्रण का उपकरण नहीं है?
(a) नियुक्ति और पदाच्युति का अधिकार
(b) लाइन एजेंसी
(c) लोकमत को अपील
(d) लोक सेवा संहिता

51. निम्नलिखित में से किस समिति का अध्यक्ष प्राय: विपक्षीय दल का होता है?
(a) प्राक्कलन समिति
(b) सार्वजनिक प्रतिष्ठान समिति
(c) सार्वजनिक लेखा समिति
(d) आश्वासन समिति

52. निम्न में से प्रशासन पर विधायी नियंत्रण की कौन-सी सीमाएं है?
1. यह शवपरीक्षा नियंत्रण है
2. कुछ मामलों में सांविधिक सीमाएं
3. तथ्यान्वेषण से संबंधित त्रुटि
4. प्रशासनिक क्रियाकलापों की तकनीकी प्रकृति
(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

53. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हर्जबर्ग के स्वास्थ्य कारणों के संबंध में सही है?
1. इनसे असंतुष्टि नहीं फैलती।
2. ये रोजगार के संदर्भ से जुड़े हैं।

3. ये मानव की अब्राहम प्रकृति की ओर संकेत करते हैं
4. ये प्रेरणा के प्रारंभिक बिंदु का काम करते है

(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

54. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) हर्जबर्ग – रोजगार संवृद्धि
(b) मैकग्रेगर – स्कैनलॉन योजना
(c) एल्डरफर – जटिल घटना प्रक्रिया
(d) मास्लोव – मनोविश्लेषण

55. निम्नलिखित में से किस पद्धति के आधार पर साइमन ने प्रशासन की नई धारणा का सूत्रपात किया?
(a) नीति निर्माण (b) परिबद्ध तर्कसंगतता
(c) तर्कसंगत सकारात्मकता (d) संतुष्टिकारक

56. निम्नलिखित में से किसने हर्जबर्ग और मास्लोव के सिद्धांतों को 'मेजर रांग थ्योरी' करार दिया है?
(a) वाभा और बर्डवेल
(b) बास और बारेट
(c) डोनाल्ड पी श्वैब
(d) माइकल नैश

57. बर्नार्ड के अनुसार निम्नलिखित में से नेतृत्व के मुख्य कार्य कौन-से हैं?
1. कार्य सहायता पर नियंत्रण
2. उद्‌देश्यों का निर्धारण
3. समन्वित कार्रवाई के लिए प्रेरणा
4. साधनों का जुगाड़

(a) 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

58. निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?
1. भारत में योग्यता प्रणाली की शुरूआत वर्ष 1853 में हुई।
2. योग्यता प्रणाली की शुरूआत सर्वप्रथम प्रशा में हुई थी।
3. ब्रिटेन में योग्यता प्रणाली की शुरूआत वर्ष 1854 में हुई थी।
4. स्पॉइल्स प्रणाली का स्थान मेरिट प्रणाली ने लिया।
5. संयुक्त राज्य अमरीका में योग्यता प्रणाली की शुरूआत सिविल सेवा अधिनियम 1883 के द्वारा हुई।

(a) 1, 4 और 5 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 5 (d) 1, 3, 4 और 5

59. निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?
1. भारत में पद वर्गीकरण की वकालत सामान्यज्ञ वर्ग के लोक सेवकों द्वारा की जाती है।
2. संयुक्त राज्य अमरीका में पद वर्गीकरण की शुरूआत प्रथम हूवर कमीशन की सिफारिश पर हुई।
3. भारत में पद वर्गीकरण की वकालत विशेषज्ञ वर्ग के लोक सेवकों द्वारा की जाती है।
4. भारत में पद वर्गीकरण लागू करने की सिफारिश प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा की गयी थी।

(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4

60. निम्नलिखित में से कौन-से जोड़ा सही नहीं है?
(a) जातिगत नौकरशाही – 18वीं शताब्दी की ब्रिटिश सिविल सेवा
(b) सरंक्षक नौकरशाही – 16वीं शताब्दी की चीनी सिविल सेवा
(c) योग्यता नौकरशाही – 19वीं शताब्दी की प्रशियन सिविल सेवा
(d) संरक्षण नौकरशाही – 19वीं शताब्दी की अमेरिकी सिविल सेवा

61. निम्नलिखित में से कौन-से सिद्धांत मंत्री की जिम्मेदारी के सिद्धांत का प्रतिरूप है?
(a) तटस्थता (b) अवैयक्तता
(c) निष्ठा (d) गोपनीयता

62. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) शुरूआती प्रशिक्षण – सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान
(b) सेवाकालीन प्रशिक्षण – भारतीय लोक प्रशासन संस्थान
(c) पृष्ठभूमि प्रशिक्षण – आयकर प्रशिक्षण स्कूल
(d) अनुकूलन प्रशिक्षण – राष्ट्रीय ग्राम्य विकास संस्थान

63. लोक सेवा की तटस्थता की ब्रिटिश अवधारणा का सूत्रपात निम्न में से किसके द्वारा हुआ?
(a) फुल्टन समिति
(b) एशीटन समिति
(c) मास्टरमैन समिति
(d) नॉर्थकोट-ट्रेवल्यान समिति

64. निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) तृतीय वेतन आयोग 1970
(b) प्रथम वेतन आयोग 1946
(c) चतुर्थ वेतन आयोग 1983
(d) द्वितीय वेतन आयोग 1958

65. तुलनात्मक लोक प्रशासन में इस बात पर बल दिया जाता है कि:
1. लोक प्रशासन के सिद्धांत अपने आप में पूर्ण नहीं हैं।

2. किसी उचित अनुशासन के लिए इसमें पूरक, शुद्ध और प्रायोगिक पक्षों का होना आवश्यक है।
3. संगठनों को विशिष्ट संस्कृति और राजनीतिक व्यवस्था में स्थापित माना जाना चाहिए।
4. प्रशासन का अध्ययन और अनुभव दोनों, मूल्यों से बोझिल है।

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1 और 4

66. नए लोक प्रशासन की विशेषताएँ निम्न में से कौन-सी हैं?
1. ग्राहक केन्द्रित प्रशासन 2. पद सकारात्मकता
3. वि-नौकरशाहीकारण 4. जनतांत्रिक निर्माण
5. प्रशासनिक प्रक्रिया का विकेंद्रीकरण

(a) 1, 3 और 4 (b) 2, 3 और 5
(c) 1, 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 2 और 3

67. निम्न में से कौन-सी लोक चयन दृष्टिकोण की प्रमुख विशेषता नहीं हैं?
1. सांस्थानिक बहुलतावाद 2. नौकरशाही प्रशासन
3. एक केंद्रित प्रशासन 4. जनतांत्रिक प्रशासन

(a) 3 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 2, 3 और 4

68. सार्वजनिक प्रशासन और निजी प्रशासन के बीच निम्न में कौन-सी समानताएँ हैं?
1. दोनों प्रबंधन तकनीकों का प्रयोग करते है।
2. दोनों निष्पादन मूल्याकंन के लिए समान मानदण्ड का प्रयोग करते है।
3. दोनों बहीखातों आदि के रख-रखाव के लिए समान कौशल का प्रयोग करते हैं।
4. दोनों समाज को समान योगदान देते हैं।

(a) 1, 2 और 4 (b) 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1 और 3

69. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) एकीकृत विचार – डिमॉक
(b) व्यामक विचार – विलोबाई
(c) संकीर्ण विचार – साइमन
(d) प्रबंधकीय विचार – साइमन

70. राबर्ट डाल के अनुसार लोकप्रशासन विज्ञान के उद्विकास की समस्याएं निम्न में से कौन-सी हैं?
1. सीमित राष्ट्रीय और ऐतिहासिक परिस्थितियों पर आधारित सिद्धांतों का निरूपण।
2. नियामक तथ्य
3. क्रॉस कल्चरल अध्ययनों पर बल
4. मानव व्यवहार का अध्ययन

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 2 और 3

71. निम्न लोक सेवाओं में से किन-किन का उल्लेख संविधान में है?
1. भारतीय प्रशासनिक सेवा
2. भारतीय वन सेवा
3. भारतीय पुलिस सेवा
4. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा
5. भारतीय विदेश सेवा

(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 5 (d) 1, 3 और 4

72. निम्न में से किन-किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संघ लोक सेवा आयोग के किसी सदस्य को, उच्चतम न्यायालय को मामला भेजे बिना ही पदच्युत कर सकता है?
1. यदि वह सदस्य अपने कार्यकाल के दौरान कार्यालय से बाहर अन्यत्र किसी लाभ का पद ग्रहण करता है।
2. यदि उसे दिवालिया करार दिया जाता है।
3. यदि मानसिक या शारीरिक दुर्बलतावश वह पद पर बना नहीं रह सकता है।
4. यदि वह किसी भी प्रकार भारत सरकार, किसी राज्य सरकार द्वारा या उसके पक्ष में किए गए किसी करार या समझौते से संबद्ध होता है या उसमें रूचि रखता है।

(a) 2 और 3 (b) केवल 4
(c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3

73. भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 'सैंडविच पैटर्न' प्रशिक्षण की शुरूआत निम्नलिखित में से किसकी अनुशंसा पर हुई थी?
(a) पी.एच. एपलबी रिपोर्ट
(b) संघ लोक सेवा आयोग
(c) प्रशासनिक सुधार आयोग
(d) राष्ट्रीय विकास परिषद

74. संघ लोक सेवा आयोग का निम्न में से किन-से कुछ लेना-देना नहीं है?
1. सेवाओं का वर्गीकरण 2. पदोन्नति
3. प्रशिक्षण 4. अनुशासनिक मामले
5. प्रतिभा खोज

(a) 2, 4 और 5 (b) 1, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1 और 4

75. राजनीतिक और स्थायी कार्यपालकों के बीच संबंधों में सुधार लाने की दिशा में प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा निम्न में से कौन-सी सिफारिशें की गयी?

1. मंत्रियों को वरिष्ठ अधिकारियों में निर्भरता और निष्पक्षता की भावना विकसित करने का प्रयास करना चाहिए।
2. मंत्रियों को गम्भीर कुप्रशासन के मामलों के अलावा दिन-प्रतिदिन के प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।
3. प्रधानमंत्री को अनावश्यक व्यक्तिगत सर्म्पक से बचने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।
4. सभी प्रमुख निर्णय संक्षेप में और लिखित रूप में होने चाहिए।

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

76. निम्न में से सही कथन कौन-से हैं?
1. सामान्यज्ञ और विशेषज्ञ द्वैधवाद की उत्पत्ति नॉर्थ कोट ट्रेवेलियान रिपोर्ट के साथ हुई।
2. फुल्टन समिति ने विशेषज्ञ की भूमिका में वृद्धि की सिफारिश की थी।
3. प्रशासनिक सुधार आयोग ने सिफारिश की थी कि लोक उद्यमों के अध्यक्षों/प्रबंध निदेशकों या निदेशकों को सामान्यज्ञ वर्ग का होना चाहिए।
4. मैकाले समिति की रिपोर्ट में सामान्यज्ञ आधारित प्रशासन का समर्थन किया गया है।

(a) 1 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

77. भारत में उच्चतर लोक सेवाओं में भर्ती की वर्तमान प्रणाली निम्नलिखित में से किन समिति/आयोगों की सिफारिश पर आधारित है?
1. सतीश चन्द्रा समिति 2. ली आयोग
3. कोठारी समिति 4. एटकिन्सन आयोग
5. मैकाले समिति

(a) 1, 3 और 5 (b) 1 और 3
(c) 1, 3, 4 और 5 (d) केवल 5

## सुमेलन प्रतिरूप

सूची I का मिलान सूची II से करें और सूची के नीचे दिए गए संकेत का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें।

78. सूची I (प्रशिक्षण संस्थान) — सूची II (अवस्थिति है)

| सूची I (प्रशिक्षण संस्थान) | सूची II (अवस्थिति है) |
|---|---|
| (a) अखिल भारतीय स्थानीय स्व-शासन संस्थान | 1. अहमदाबाद |
| (b) राष्ट्रीय वन अनुसंधान संस्थान | 2. नागपुर |
| (c) भारतीय प्रबंध संस्थान | 3. शिमला |
| (d) आयकर प्रशिक्षण स्कूल | 4. मुम्बई |
| | 5. देहरादून |

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (c) | 5 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 5 | 1 | 2 |

79. सूची I (लेखक) — सूची II (कथन)

| सूची I (लेखक) | सूची II (कथन) |
|---|---|
| (a) फिफनर | 1. "प्रशासन, उन्हें सोचे समझे उद्देश्य के लिए निर्धारित कार्य का दूसरा नाम है।" |
| (b) एल.डी. ह्वाइट | 2. "व्यापक अर्थ में प्रशासन को समान लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समूहों द्वारा किए लाने वाले कार्यों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।" |
| (c) एच.ए. साइमन | 3. "प्रशासन एक अलंकारिक शब्द है किन्तु इसका आशय महत्त्वपूर्ण और साधारण है।" |
| (d) जॉन ए. वीज | 4. "प्रशासन, किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निर्देशन, समन्वयन और व्यक्ति समूहों को नियंत्रित करने की कला है।" |
| | 5. "किसी अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मानव और भौतिक साधनों को संगठित और निर्देशित करना प्रशासन है।" |

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 5 | 2 |
| (b) | 5 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 5 |
| (d) | 5 | 2 | 1 | 3 |

80. सूची I (शब्द) — सूची II (से संबद्ध)

| सूची I (शब्द) | सूची II (से संबद्ध) |
|---|---|
| (a) एन्ट्रोपी | 1. कीथ डेविस |
| (b) ग्रेपवाइन | 2. शैनोन और वीवर |
| (c) गॉबलडाईगूक | 3. हर्बर्ट साइमन |
| (d) नोइज (शोर) | 4. नार्बर्ट वीनर |
| | 5. रूडोल्फ फ्लेच |

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 5 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 5 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 4 |

81. सूची I (व्यक्ति) — सूची II (से संबद्ध)

(a) विलियम रेडिन — 1. नेतृत्व के लिए जीवन चक्र दृष्टिकोण
(b) हर्से और ब्लैकार्ड — 2. प्रभावी नेतृत्व के लिए मार्ग लक्ष्य सिद्धांत
(c) विक्टर व्रूम और फिलिप येटन — 3. प्रभावी नेतृत्व के लिए त्रि-आयामी मॉडल
(d) मार्टिन इवान्स और राबर्ट हाउस — 4. नेतृत्व से संबंधित निर्णय भागीदारी मॉडल
5. नेतृत्व शैलियों की अवांछनीयता/निरंतरता

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 5 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 5 |

82. सूची I — सूची II

(a) फुल्टन समिति की रिपोर्ट — 1. 1937
(b) ब्रोनलो समिति की रिपोर्ट — 2. 1944
(c) प्रथम हूवर आयोग रिपोर्ट — 3. 1968
(d) एशीटन समिति की रिपोर्ट — 4. 1936
5. 1949

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 5 |
| (d) | 3 | 1 | 5 | 2 |

83. सूची I — सूची II

(a) "आदेश की एकता की धारणा के अनुसार किसी संगठन के प्रत्येक सदस्य को किसी एक और केवल एक नेता को रिपोर्ट करना चाहिए।" — 1. हेनरी फेयोल
(b) "किसी भी स्थिति में द्वैत आदेश में सामाजिक संघटना का अनुकूलन नहीं हैं।" — 2. जॉन डी. मिलेट
(c) "सरकार की पेचीदा हालात में प्रत्येक व्यक्ति का एक बॉस की पुरानी धारणा वास्तव में कम ही मिलती है" — 3. फिफनर और प्रेस्थस
(d) "आदेश की एकता की धारणा को इस तथ्य के साथ समझौता करने की जरूरत है कि किसी कार्य का पर्यवेक्षण दोहरी तकनीकी वाला और प्रशासनिक हो सकता हैं।" — 4. सेक्लर-हडसन
5. एफ.डब्ल्यू. टेलर

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 5 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 5 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

84. सूची I (समितियां) — सूची II (संबंधित विषय)

(a) जी.वी.के. राव समिति — 1. पंचायती राज संस्थाएं
(b) बलवन्तराय मेहता समिति — 2. प्रजातंत्र और विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं का पुनर्जीविकरण
(c) एल.एम. सिंघवी समिति — 3. ग्रामीण विकास और निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए विद्यमान प्रशासनिक व्यवस्थाएं
(d) अशोक मेहता समिति — 4. समुदाय विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय विस्तार सेवा
5. पंचायती राज चुनाव

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 5 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 5 | 1 | 2 |

85. सूची I — सूची II

(a) सांकेतिक कटौती प्रस्ताव — 1. "मांग की राशि को कम करके निर्दिष्ट राशि की जाए।"

(b) मितव्ययता कटौती प्रस्ताव — 2. "मांग की गयी राशि में से 1 रूपया कम कर दिया जाय।"

(c) नीतिगत कटौती प्रस्ताव — 3. मांग की गयी राशि में से 100 रूपये कम कर दिया जाय।"

4. "मांग की गयी राशि को कम कर 1 रूपया कर जाय।"

5. "मांग की गयी राशि को कमकर 100 रूपये कर दिया जाय।"

कूट

| | (A) | (B) | (C) |
|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 2 |
| (b) | 5 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 5 | 2 |

86. सूची I — सूची II

(a) केवल राज्य से संबंधित कर — 1. चिकित्सकीय सामग्री पर उत्पाद शुल्क

(b) केंद्र द्वारा प्रभारित एवं संग्रहित किन्तु राज्यों को सुपुर्द किए गए शुल्क। — 2. सीमाशुल्क

(c) केवल केंद्र से संबंधित कर — 3. कृषि भूमि को छोड़कर अन्य सम्पत्ति की प्राप्ति से संबंधित शुल्क

(d) केंद्र द्वारा प्रभारित किन्तु राज्यों द्वारा संग्रहीत कर — 4. गैर-कृषि आय पर कर द्वारा संग्रहीत और विनियोजित शुल्क

5. बिक्री कर

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 5 | 2 |
| (c) | 5 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 5 | 1 |

87. सूची I — सूची II

(a) "क्लासिकीय सिद्धांत का केंद्र बिन्दु व्यक्ति विहीन संगठनों पर है।" — 1. साइमन

(b) "सिद्धांत केवल आचार नियमों को सुझाते हैं जिनका व्यापक अनुभव अभिपुष्ट प्रतीत होता है।" — 2. बेनिस

(c) "एक परिपक्व व्यक्तित्व की जरूरतों और औपचारिक संगठन की अपेक्षाओं के मध्य आधारभूत विरोध है।" — 3. एल.डी.ह्वाइट

(d) "प्रशासन के हालिया सिद्धांतो का घातक दोष यह है कि कहावतों की तरह ये जोड़ों में सूझते हैं।" — 4. आर्गिरिस

5. वाल्डो

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 5 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 5 | 4 | 1 |

88. सूची I (अधिनियम) सूची II (प्रावधान)

(a) भारतीय परिषद अधिनियम 1861 — 1. द्वैधशासन की शुरुआत

(b) भारत सरकार अधिनियम 1919 — 2. भारतीय मामलों का ब्रिटिश शासन के सीधे नियंत्रण में जाना।

(c) भारतीय परिषद अधिनियम 1892 — 3. प्रतिनिधिक संस्थानों की शुरूआत

(d) पिट्स इंडिया एक्ट 1784 — 4. प्रान्तीय स्वायत्तता की शुरूआत

5. चुनाव के सिद्धांत की शुरूआत

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 5 | 4 | 2 | 3 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (c) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (d) | 3 | 1 | 5 | 2 |

89. सूची I — सूची II

(a) नौकरशाही सिद्धांत — 1. स्व-निरूपण

(b) क्लासिकीय सिद्धांत — 2. पारिस्थितिकीय उन्मुखीकरण

(c) वर्गीकरण सिद्धांत — 3. तर्कसंगत संरचना

(d) व्यवहार संबंधी सिद्धांत — 4. सिद्धांतो के स्वरूप

5. प्रशासनिक प्रक्रिया

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (b) | 5 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

90. सूची I — सूची II

(a) "प्रशासन में कर्मचारी सर्वोच्चकारक है।" — 1. रैम्जे म्यूर

(b) "प्रजातंत्र में यह तब तक फलता रहता है जब तक फ्रैंकस्टीन के दैत्य की तरह यह अपने सृजक को ही खाने की इच्छा रखते हुए प्रतीत नहीं होता।" — 2. पार्किंसन

(c) "नौकरशाही के हाथों में शक्ति केंद्रित होने से नागरिकों की स्वतंत्रताएं खतरे में पड़ जाती हैं।" — 3. एच.फाइनर

(d) "लोक सेवा के आकार और कार्य की मात्रा में वृद्धि का संबंध एक-दूसरे से कदापि नहीं है।" — 4. हेवर्ट

5. एच.जे.लास्की

कूट

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 5 |
| (c) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 5 | 2 |

91. सूची I (पुस्तकें) — सूची II (लेखक)

(a) *पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इन ए टाइम ऑफ टरबुलेंस* — 1. गुलिक और अरविक

(b) *द इंटेलेक्चुअल क्राइसिस इन अमेरिकन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन* — 2. विलोबी

(c) *एलीमेंट्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन* — 3. डी.वाल्डो

(d) *प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन* — 4. वी.ओस्ट्रम

5. एफ.एम मार्क्स

संकेत

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (b) | 4 | 5 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 5 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 5 | 2 |

92. सूची I (आयोग) — सूची II (से संबद्ध)

(a) छागला आयोग — 1. भारतीय विदेश सेवा प्रशिक्षण

(b) प्रशासनिक सुधार आयोग — 2. मंत्री का दायित्व

(c) गोरे समिति — 3. अखिल भारतीय सेवाओं का सुदृढ़ीकरण

(d) सरकारिया आयोग — 4. भारतीय पुलिस सेवा का प्रशिक्षण

संकेत

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 5 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 5 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 5 | 1 | 3 |

### कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर नीचे दिए गए संकेतो का प्रयोग करते हुए दीजिए-

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं किन्तु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं हैं।

(c) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत

(d) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही

93. ***कथन* ( A ):** प्रणालीगत दृष्टिकोण की आलोचना इस आधार पर की गयी है कि इसे व्याहारिक परिस्थितियों में सीधे प्रयोग में नहीं लाया जा सकता है।
***कारण* ( R ):** यह विवरणात्मक, बहुपरिवर्तनीय और सम्भाग है।
94. ***कथन* ( A ):** चेस्टर बर्नार्ड को 'सोशल सिस्टम' स्कूल का जनक कहा जाता है।
***कारण* ( R ):** इनके द्वारा व्यवहार संबंधी दृष्टिकोण की शुरूआत की गयी थी।
95. ***कथन* ( A ):** सांगठनिक प्रणाली में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के उत्क्रम माप है।
***कारण* ( R ):** सकारात्मक उत्प्रेरक माप का प्रयोग आदेश और विभेदीकरण के लिए किया जाता है।
96. ***कथन* ( A ):** योजना आयोग न तो सांविधिक निकाय है और न ही सांविधानिक।
***कारण* ( R ):** इसकी स्थापना केंद्रीय मंत्रिमंडल के कार्यकारी प्रस्ताव द्वारा हुई थी।
97. ***कथन* ( A ):** भारतीय संविधान लगभग संघीय प्रकृति का है।
***कारण* ( R ):** इसके माध्यम से केंद्र सरकार को राज्य सरकारों की अपेक्षा अधिक शक्तियां प्रदान की गयी है।
98. ***कथन* ( A ):** बजट तैयारी का कार्य वित्त मंत्रालय के निर्देशन और नेतृत्व में होता है।
***कारण* ( R ):** वित्त मंत्रालय भारत सरकार की केंद्रीय वित्तीय एजेंसी है।
99. ***कथन* ( A ):** मुख्यमंत्री राज्य सरकार के किसी मंत्री को बर्खास्त कर सकता है।
***कारण* ( R ):** मुख्यमंत्री राज्य मंत्रीपरिषद का प्रमुख होता है।
100. ***कथन* ( A ):** श्रेणीबद्ध संगठन 'समुचित चैनल' के सिद्धांत के अनुसार कार्य करते हैं।
***कारण* ( R ):** वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति से गैंगप्लैंक पर अमल किया जा सकता है।
101. ***कथन* ( A ):** फ्रांस ब्रिटेन से कहीं अधिक एकात्मक है।
***कारण* ( R ):** ब्रिटेन में स्थानीय सरकारों को कुछ स्वायत्तता प्राप्त है।
102. ***कथन* ( A ):** किसी संसदीय प्रणाली में प्रशासन पर विधायी नियंत्रण राष्ट्रपति प्रणाली से भिन्न है।
***कारण* ( R ):** प्रजातांत्रिक सरकार की मुख्य विशेषता प्रशासन पर विधायी नियंत्रण है।
103. ***कथन* ( A ):** सम्प्रेषण संगठन में सूचनाओं के प्रसार का नाम है।
***कारण* ( R ):** सम्प्रेषण प्रत्येक संगठन की जीवनधारा है।
104. ***कथन* ( A ):** पदोन्नति द्वारा नियुक्त किसी कर्मचारी को किसी ऐसे प्राधिकारी द्वारा बर्खास्त या पदच्युत नहीं किया जा सकता जो पदोन्नति करने वाले प्राधिकारी से कनिष्ठ हो।
***कारण* ( R ):** पदोन्नति का आशय है – नई नियुक्ति।
105. ***कथन* ( A ):** लोक प्रशासन सभी राष्ट्रों का आधार, उनकी अनिवार्यता है।
***कारण* ( R ):** आधुनिक समय में इसके कार्यक्षेत्र में आशातीत वृद्धि हुई है।
106. ***कथन* ( A ):** अखिल भारतीय सेवाएं राष्ट्रीय एकता की उपकरण हैं।
***कारण* ( R ):** इसके सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
107. संघ लोक सेवा आयोग के कार्यो के संबंध में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?
1. संघ की सेवाओं के लिए नियुक्ति हेतु परीक्षाओं का आयोजन।
2. राज्य सरकार के अनुरोध पर किसी ऐसी सेवाओं के लिए संयुक्त भर्ती के लिए स्कीमें तैयार कर उन्हें संचालित करना जिनके लिए विशेष योग्यताधारी अभ्यार्थियों की आवश्यकता हो।
3. लोक सेवाओं और नागरिक पदों पर भर्ती के तरीकों से जुड़े मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारों को परामर्श देना।
4. राष्ट्रपति को प्रतिवर्ष आयोग द्वारा किए गए कार्यों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

108. निम्न में से कौन-सा प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली में स्थित है?
1. शैक्षिक नियोजकों और प्रशासकों के लिए प्रशासनिक स्टॉफ कॉलेज।
2. केंद्रीय आपदा राहत प्रशिक्षण संस्थान।
3. परिवार नियोजन प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र।
4. भारतीय जनसंचार संस्थान
5. अनुप्रयुक्त जनबल संस्थान अनुसंधान

(a) 1, 2, 4 और 5 (b) 1, 3, 4 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

109. 'पेपर्स ऑन द साइंस ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन' के अनुसार सिद्धांतों का :
1. तकनीकी प्रश्न के रूप में अध्ययन किया जा सकता है, उद्यम का प्रयोजन कुछ भी हो।

2. किसी भी प्रकार के मानव संगठन की व्यवस्था का प्रबंधन करना चाहिए।
3. मानव संगठन के अध्ययन द्वारा आगमन प्रणाली तक पहुंचा जा सकता है।
4. संस्कृति, पर्यावरण, उद्देश्य या सांगठनिक व्यवस्था से निरपेक्ष किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था में प्रयोग किया जा सकता है।

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

110. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) पॉलिटिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन – 1900
(b) प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन – 1928
(c) पेपर्स ऑन द साइंस ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन –1937
(d) इंट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन – 1926

111. लोक सेवकों के लिए प्रशिक्षण की नवीनतम तकनीक कौन-सी हैं?
(a) सिंडिकेट मैथड
(b) रोल प्ले एंड मैनेजमेंट गेम्स
(c) सेन्सिविटी ट्रेनिंग
(d) केस स्टडी मैथड

112. निम्न में से कौन-से जोड़ा सही नहीं है?
(a) केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली-1955
(b) रेल सेवा (आचरण) नियमावली-1958
(c) अखिल भारतीय सेवा (आचरण)-1954
(d) रेल सेवा (आचरण) नियमावली-1956

113. निम्नलिखित में से कौन-से योग्यता परीक्षण हैं?
1. अभिवृत्ति परीक्षण 2. सामाजिक ज्ञान परीक्षण
3. गोट्सकोल्ड टेस्ट 4. उपलब्धि परीक्षण
5. सामान्य ज्ञान परीक्षण

(a) 1, 2 और 5 (b) 2, 3 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

114. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) एल.ए.एलन – व्यक्तिगत और प्रबंधन नेतृत्व
(b) एम.पी.फोलेट – कार्यपरक नेतृत्व
(c) मिलेट – नेतृत्व की राजनीतिक और सांस्थानिक शर्तें
(d) सी.आई.बर्नार्ड – नेतृत्व की चक्रीय प्रतिक्रिया

115. नागरिकों द्वारा प्रशासन पर नियंत्रण की तकनीकें कौन-सी है?
1. चुनाव 2. लोकमत
3. दबाव समूह 4. सलाहकार समितियां
5. वापस बुलाने का अधिकार

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 और 5
(c) 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

116. "संविधान के सामान्य सिद्धांत...... हमारे साथ हैं तथा विशेष मामलों में गैर-सरकारी व्यक्तियों के अधिकारों के निर्धारण से संबंधित न्यायिक निर्णय के परिणाम न्यायालय में लाए गए हैं।"
उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस सिद्धांत से संबंधित है?
(a) न्यायिक समीक्षा (b) प्रशासनिक निर्णय
(c) ड्रायट एडमिनिस्ट्रेटिफ (d) कानून का नियम

117. निम्न में से किन कारणों से प्रशासन पर विधायी नियंत्रण के प्रभाव में कमी आयी है?
1. प्रशासनिक कार्य की मात्रा और प्रकार का विस्तार।
2. गुलीटोन का अधिकाधिक प्रयोग।
3. विधायिका का बड़ा आकार।
4. विधायिका के सदस्यों का सामान्य जन होना।
5. वित्तीय समितियों द्वारा अधिक छानबीन किया जाना।

(a) 1, 2 और 5 (b) 2, 3 और 4
(c) 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

118. निम्न में से किस याचिका का प्रावधान भारतीय संविधान में नहीं किया गया है?
(a) प्रतिषेध (b) परमादेश
(c) अधिकार पृच्छा (d) निषेधाज्ञा

119. निम्नलिखित में से किसका संबंध ब्रिटिश ट्रेजरी से नहीं है?
(a) व्यक्तिगत प्रशासन (b) आर्थिक प्रशासन
(c) सामाजिक प्रशासन (d) वित्तीय प्रशासन

120. जापान में भर्ती से संबंधित मेरिट के सिद्धांत को किस वर्ष में अपनाया गया था?
(a) 1947 में (b) 1887 में
(c) 1868 में (d) 1885 में

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (d) | 5. (d) | 6. (c) |
| 7. (c) | 8. (d) | 9. (d) | 10. (c) | 11. (d) | 12. (c) |
| 13. (d) | 14. (c) | 15. (c) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (b) |
| 19. (b) | 20. (c) | 21. (d) | 22. (a) | 23. (c) | 24. (c) |
| 25. (c) | 26. (d) | 27. (d) | 28. (b) | 29. (d) | 30. (c) |
| 31. (d) | 32. (d) | 33. (c) | 34. (d) | 35. (d) | 36. (c) |
| 37. (c) | 38. (a) | 39. (b) | 40. (c) | 41. (d) | 42. (c) |
| 43. (d) | 44. (c) | 45. (b) | 46. (c) | 47. (b) | 48. (b) |
| 49. (c) | 50. (b) | 51. (c) | 52. (a) | 53. (a) | 54. (c) |
| 55. (c) | 56. (d) | 57. (d) | 58. (a) | 59. (c) | 60. (b) |
| 61. (d) | 62. (c) | 63. (c) | 64. (d) | 65. (b) | 66. (c) |
| 67. (b) | 68. (d) | 69. (b) | 70. (b) | 71. (d) | 72. (d) |
| 73. (c) | 74. (c) | 75. (a) | 76. (c) | 77. (a) | 78. (d) |
| 79. (b) | 80. (c) | 81. (a) | 82. (d) | 83. (b) | 84. (c) |
| 85. (c) | 86. (c) | 87. (c) | 88. (d) | 89. (a) | 90. (d) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (a) | 94. (c) | 95. (c) | 96. (a) |
| 97. (a) | 98. (a) | 99. (d) | 100. (b) | 101. (a) | 102. (b) |
| 103. (d) | 104. (a) | 105. (b) | 106. (a) | 107. (c) | 108. (b) |
| 109. (a) | 110. (b) | 111. (c) | 112. (b) | 113. (b) | 114. (d) |
| 115. (d) | 116. (d) | 117. (d) | 118. (d) | 119. (c) | 120. (d) |